कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री नामकेश मीना, निवासी 86, बडा बास, वार्ड नंबर 03, कालवान, सिकराय जिला दौसा राजस्थान – 303508

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय जिला दौसा

अपील संख्या 140/2025

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

<u>निर्णय</u> दिनांक 03.12.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिकराय जिला दौसा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2025/2885 दिनांक 04.11.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिकराय की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिकराय जिला दौसा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.12.17 12:11:46 IST
Reason: SelfAttested